**BLUE PRINT & MODEL PAPERS OF SSC PUBLIC EXAMINATIONS FOR THE ACADEMIC YEAR 2024-25**
**BY THE DIRECTOR OF GOVERNMENT EXAMINATIONS (SSC BOARD) A.P.**

## SSC EXAMINATIONS-2024-2025
## MODEL PAPER -HINDI

अंक : 100
समय : 3:15

CLASS: X

---

सूचनाए:

1. प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है।
2. सभी प्रश्नों के उत्तर उत्तर पुस्तिका में ही लिखिए।
3. प्रश्न पत्र में छः भाग है

## भाग -1

### निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए 12x1=12

1. बुभुक्षा से अतिथि को ना भेजे| रेखांकित शब्द का तद्भव रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए l

| | | |
|---|---|---|
| सुख | भूख | कोक |

2. झरना पर्वतों से बहता है l वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए l

| | | |
|---|---|---|
| झरना | पर्वत | बहता |

3. उन्नीस सौ सैतालीस - हिंदी अक्षरों को पढ़कर संख्याओं को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए |

| | | |
|---|---|---|
| 1920 | 1947 | 1925 |

4. सैनिक सर ____ कफन बांधकर युद्ध करने गया| सही कारक चिह्न विकल्पों में से पहचान कर लिखिए|

| | | |
|---|---|---|
| पर | में | से |

5. आत्मत्राण में मानवीय मूल्य अभिव्यक्त है | रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचान कर लिखिए |

| | | |
|---|---|---|
| द्विगु समास | द्वंद समास | तत्पुरुष समास |

6. छोटा भाई तिरस्कार सहन नहीं कर पाया| रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद विकल्पों में से पहचान कर लिखिए

| | | |
|---|---|---|
| तिर +कार | तिर: + कार | तिरस + कार |

7. स्वतंत्रता संग्राम में नारियों का योगदान भी है |रेखांकित शब्द का पर्याय शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए|

| | | |
|---|---|---|
| बच्ची | लड़की | महिला |

8. तातारा वामीरो कथा एक लोककथा के रूप में विख्यात है | रेखांकित शब्द का उपसर्ग विकल्पों में से पहचान कर लिखिए|

| | | |
|---|---|---|
| लोह | लोक | लो |

9. संगम की अद्‌भुत सफलता ने राजकपूर में आत्मविश्वास भर दिया | रेखांकित शब्द का प्रत्यय विकल्पों में से पहचान कर लिखिए|

| | | |
|---|---|---|
| सफल | लता | ता |

10. कुत्ता वफादार जानवर है | इस वाक्य का लिंग परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए

| | | |
|---|---|---|
| कुत्ते वफादार जानवर है | कुतिया वफादार जानवर है | कुतीया वफादार जानवर है |

11. हम मीठे यादों में उलझे रहते हैं | इस वाक्य का भविष्यत काल रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए|

| | | |
|---|---|---|
| हम मीठे यादों में उलझे रहे हैं | | हम मीठे यादों में उलझे रहेंगे | हम मीठे यादों में उलझे रहे |

12 सिपाही तंग आ गई है | इस वाक्य का शुद्ध रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए|

| | | |
|---|---|---|
| सिपाही तंग आ गए हैं | सिपाही तंग आ गई है l | सिपाही तंग आ गया है |

<u>भाग -2</u>

ll .प्रश्न संख्या 13 से 16 तक दिए गए गद्यांश ,पद्यांश पढ़कर निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए |

13. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | 5 x 1 = 5

अंदमान द्वीप समूह का अंतिम दक्षिणी द्वीप है लिटिल अंदमान | यह पोर्टब्लेयर से लगभग सौ किलोमीटर दूर स्थित है | इसके बाद निकोबार द्वीप समूह की श्रृंखला आरंभ होती है जो निकोबारी जन जाती की आदिम संस्कृति के केंद्र है | निकोबार द्वीप समूह का पहला प्रमुख द्वीप है - कार निकोबार जो लिटिल अंडमान से 96 किलोमीटर दूर है | निकोबारियों का विश्वास है कि प्राचीन काल में ये दोनों द्वीप एक ही थे |

प्रश्न : 1. अंदमान द्वीप समूह का अंतिम दक्षिणी द्वीप का नाम क्या है ?

2. लिटिल अंदमान पोर्ट ब्लेयर से कितने किलोमीटर की दूरी पर स्थित है

3. निकोबार द्वीप समूह का पहला प्रमुख द्वीप कौन सा है ?

4 . निकोबारियों का क्या विश्वास है?

5 . उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से दिया गया है ?

14 .निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | 5 x 1 = 5

सुबह -शाम कंपनी बाग़ में आते है बहुत से सैलानी
उन्हें बताती है यह तोप
कि मैं बड़ी जबर
उड़ा दिए थे मैं ने
अच्छे अच्छे सूरमाओं के धज्जे
अपने जमाने में |

प्रश्न : 1. सैलानी सुबह -शाम कहाँ आते हैं ?

2. तोप ये बातें किन्हें बताती है?

3. तोप ने किसके धज्जे उड़ाये ?

4. सैलानी किसको देखने आते है ?

5 . उपर्युक्त कविता के कवि कौन है ?

15 . निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए |

5 x 1 = 5

भारत के झंडे में तीन पट्टियां हैं | ऊपर वाली पट्टी केसरिया रंग की है | यह त्याग का चिह्न है | बीच वाली पट्टी सफेद रंग की है | सफेद रंग शांति का चिह्न है | नीचे वाली पट्टी हरे रंग की

है | हरा रंग सुख -शांति का चिह्न है | हमारे झंडे के बीच एक चक्र है | इस चक्र को अशोक चक्र कहते है |

प्रश्न 1 . भारत के झंडे में कितनी पट्टियां हैं ? ( )

A ) तीन B) चार C) दो D) एक

2. झंडे में बीच वाली पट्टी किसका प्रतीक है? ( )

A ) प्रेम B) त्याग C) दया D) करुणा

3 .सुख -शांति इस रंग का चिह्न है ? ( )

A ) सफेद B) लाल C) हरा D) पीला

4.अशोक चक्र कहाँ है ? ( )

A ) झंडे के नीचे B) झंडे के ऊपर C) झंडे के बगले D)झंडे के बीच

5. इस अनुच्छेद में किस झंडे का वर्णन हुआ है ? ( )

A ) भारत का झंडा B) नेपाल का झंडा C) रूस का झंडा D)चीन का झंडा

16 . निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों का उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए | 5 x 1 = 5

आओ बच्चों तुम्हें दिखाएँ झाँकी हिन्दुस्तान की ,
इस मिट्टी से तिलक करो, यह धरती है बलिदान की ,
वंदेमातरम | वंदेमातरम |
जालियाँवाला बाग़ ये देखो , यही चली थी गोलियाँ ,
यह मत पूछो किसने खेली, यहाँ खून की होलियाँ |
एक तरफ बंदूकें दन -दन ,एक तरफ थी टोलियाँ ,
मरने वाले बोल रहे थे इनक्कलाब की बोलियाँ |

प्रश्न : 1. गीतकार बच्चों को किसकी झाँकी दिखाना चाहता है ? ( )

A ) हिंदुस्तान की B) नेपाल की C) रूस की D) जापान की

2. गोलीकांड कहाँ हुआ? ( )

A ) जलियावाला बाग़ B) नेपाल बाग़ C) रूस बाग़ D) जापान बाग़

3. मरने वाले कैसी बोलिया बोल रहे थे ? ( )

A ) इनक्कलाब B) वंदेमातरम C) जयहिंद D) जिंदाबाद

4. जालियाँवाला बाग़ में क्या चली थी ? ( )

A ) तालियाँ B) गोलियाँ C) होलियाँ D) टोलियाँ

5.बंदूकों की ध्वनि कैसी थी ? ( )

A ) दन -दन B) घन -घन C) डम -डम D) तम –तम

## भाग -lll

17 . निम्न लिखित कवियों में किसी एक कवि का परिचय पाँच पंक्तियों में लिखिए |

1 x 5 = 5

अ) कबीरदास आ) मैथिलीशरण गुप्त

18. नीचे दिया गया लेखक परिचय पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ती कीजिए| 1 x 5 = 5

12 अक्टूबर 1938 को दिल्ली में जन्मे निदा फाजली का बचपन ग्वालियर में बीता | निदा फाजली उर्दू की साठोत्तरी पीढ़ी के महत्वपूर्ण कवि माने जाते है | आम बोलचाल की भाषा में और सरलता से किसी के भी दिलोदिमाग में घर कर सके,ऐसी कविता करने में इन्हें महारत हासिल है |

1. निदा फाजली का जन्म —------को हुआ |
2. निदा फाजली ने अपना बचपन —----------- में बिताया |
3. उर्दू भाषा के महत्वपूर्ण कवि —------- है |
4. निदा फाजली के कविता की भाषा —------- होती है |
5. निदा फाजली —- पीढ़ी के माने जाते हैं।

## भाग - lV

निम्न लिखित प्रश्नों में किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखिए

8 x 3 =24

19. ऐसी बाणी बोलिए —------ सुख होइ || (दोहे की पूर्ती कीजिए )
20 . पावन ऋतु में प्रकृति में कौन - कौन से परिवर्तन आते है ?
21 .”कर चले हम फिदा गीत” में धरती को दुल्हन क्यों कहा गया है ?
22 . धर्मतल्ले के मोड़ पर आकर जुलूस क्यों टूट गया ?
23 . निकोबार के लोग तताँरा को क्यों पसंद करते थे ?
24 . शैलेन्द्र के अनुसार कलाकार का कर्तव्य क्या है ?
25 . कर्नल कालिंज का खेमा जंगल में क्यों लगा हुआ था ?
26. .कथावाचक और हरिहर काका के बीच क्या संबंध है ?
27. इफ्फन की दादी अपने पीहर क्यों जाना चाहती थीं ?
28. हेडमास्टर शर्मा जी ने पी टी साहब को क्यों मुअत्तल कर दिया ?

## भाग-V

V. निम्न लिखित निबंदात्मक प्रश्नों का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए |

29. किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ पंक्तियों में लिखिए 1 x 8 = 8

अ ) मीरा बाई ने श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन किस प्रकार किया है अपने शब्दों में लिखिए|

आ) आत्मत्राण शीर्षक की सार्थकता कविता के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए

30. किसी एक प्रश्न उत्तर आठ पंक्तियों लिखिए 1x 8 =8

अ) बड़े भाई की स्वभावगत विशेषताएँ बताइए |

आ) गांधीजी में नेतृत्व की अद्‌भुत क्षमता थी उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए

## भाग-Vl

निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना अनुसार लिखिए |

31 . किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए 1 x 8 = 8

अ) बीमारी का कारण बता कर पाँच दिन की छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम पर पत्र लिखिए|

आ) हिंदी सीखने की आवश्यकता बताते हुए अपने मित्र के नाम पर पत्र लिखिए

32. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर 10 पंक्तियों में निबंध लिखिए

1 x 10 = 10

अ)वृक्ष हमारे साथी

आ) पुस्तकालय

इ) दीपावली

ई) दूरदर्शन